कार्यालय जिलाधिकारी (भूलेख अनुभाग) पीलीभीत।

पत्रांक— /साल—भूलेख—15 दिनांक : जुलाई 02 ,2015

विषय— लेखपाल के रिक्त पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में।

1— विज्ञापन व्यवस्थापक, दैनिक जागरण, पीलीभीत।
2— विज्ञापन व्यवस्थापक, दैनिक हिन्दुस्तान, पीलीभीत।
3— विज्ञापन व्यवस्थापक, अमर उजाला, पीलीभीत।
4— विज्ञापन व्यवस्थापक, जन विश्वास, पीलीभीत।

उपरोक्त विषयक जनपद पीलीभीत में लेखपाल के रिक्त पदों की भर्ती हेतु राजस्व परिषद के पत्र दिनांक 29.06.2015 में दिये गये निर्देशों के क्रम में विज्ञप्ति प्रकाशित किया जाना है।

अतः उक्त समाचार पत्रों में लेखपालों के रिक्त पदों की विज्ञप्ति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति का शासकीय दरों पर प्रदेशीय संस्करण/स्थानीय संस्करण में आज ही प्रकाशित कर बिल भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक—यथोपरि।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा)
पीलीभीत।

पृ0सं0—655(2)/ तददिनांकित

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—

1— आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश अनुभाग—4 लखनऊ।
2— आयुक्त, बरेली मण्डल बरेली।
3— जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, पीलीभीत।
4— जिला सूचना अधिकारी, पीलीभीत।
5— समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार जनपद पीलीभीत एवं नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट पीलीभीत को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा)
पीलीभीत।

प्रारूप

प्रेस विज्ञप्ति

राजस्व विभाग, उ0प्र0

लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम–पीलीभीत
विज्ञापन संख्या–   /भूलेख–15

परीक्षा का नाम–लेखपाल राजस्व
दिनांक :   2015

आवेदन पत्र स्वीकार **(Submit)** किये जाने की अंतिम तिथि–22–7–2015
परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि–21–7–2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30–8–2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पदनाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200.20200 (ग्रेड पे–2000)	183	103	33	04	43	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक की सेवा की हो, या, 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। आयु सीमा के संबंध में उत्तर प्रदेश सेवाओं में भर्ती (आयु सीमा) नियमावली–1972 यथा संशोधित 2012 एवं वर्तमान में

प्रभावी नियमों में उल्लिखित व्यवस्थानुसार छूट प्रदान की जाएगी। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतीज आरक्षण के अंतर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3— ऑन—लाइन फार्म दिनांक 22—7—2015 तक जमा किये जा सकेंगे। अनारक्षित (सामान्य) और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/—(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/—(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई—चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4— प्रदेश के सभी जनपदों मे परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार, नहीं होगा।

5— परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई—प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बेबसाइट **http;//bor.up.nic.in** और जिले की बेबसाईट **http;//pilibhit.nic.in** पर उपलब्ध होगा।

6— ऑन लाइन आवेदन पत्र का प्रारुप, आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण परिषद के बेबसाइट **http;//bor.up.nic.in** पर और जिले की वेबसाइट **http;//pilibhit.nic.in** पर उपलब्ध होगा।

7— लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 के संबंध में पूर्व में दिनांक 17.06.2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क/फार्म स्वीकार **(Submit)** किये जा चुके हैं उन अभ्यर्थियों द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क/फार्म नहीं भरे जायेंगे। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिये भी मान्य होगा।

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी